नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी



जन सम्पर्क अभियान




सोसाइटी के 12 वें चिकित्सालय का लोकार्पण




सोसाइटी के 11 वें चिकित्सालय का लोकार्पण

# वार्षिक वृत्तांत

**अप्रैल 2022 - मार्च 2023**

## हमारी संदृष्टि (VISION)

**"जनजातीय, निर्धन, उपेक्षित व सामाजिक रूप से वंचित / अशक्त और अन्य पिछड़े वर्ग का सम्पूर्ण विकास"**

## हमारा लक्ष्य (MISSION)

**" पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना"**

# अंक विशेष

## संपादक की कलम से:

सेवा और समर्पण के दस वर्ष पूर्ण करता विगत वर्ष, अग्रसर होते कदम और इसे गौरवान्वित करते हुए हमारे नए सोपान, उपलब्धियां, नई सुविधाएं, प्रशंसा, ख्याति व पहल। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथियों और आगंतुकों के द्वारा हमारा उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहन ने इस सेवा यात्रा को और अधिक प्रेरणादायक व गतिमान रखा। सोसाइटी के गंगोत्री धाम और करोल बाग दिल्ली में क्रमश: दो नए चिकित्सालय प्रारम्भ होने के साथ ही चलाए जा रहे चिकित्सालयों की संख्या बारह हो गई है।

मेरूदण्ड (स्पाइन) ओपीडी और सर्जरी के लिए "दी स्पाइन फाउंडेशन" मुंबई के साथ हुई सहकार्यता ने एक ऐसी स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जो अपनी उच्च लागत और कम उपलब्धता के कारण समाज के एक बड़े वर्ग के लिए पहुँच से परे थी।

अन्य नई सुविधाओं में धर्मावाला चिकित्सालय में Arthroscopic/Sports Injury की ओपीडी व सर्जरी, हरिद्वार चिकित्सालय में आयुर्वेद और पंचकर्म सुविधा और Optical Workshop Lab सम्मिलित हैं। पेटशाल चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हुई और ऐसा करने वाला यह सोसाइटी का चौथा चिकित्सालय बन गया। धर्मावाला चिकित्सालय ने 3डी/4डी तकनीक से सुसज्जित नवीन अल्ट्रासाउंड मशीन लगाकर जाँच प्रक्रिया को उन्नत किया गया।

दो अनूठी उपलब्धियां जो कि शासन में सोसाइटी की महत्वता को दर्शाती हैं वो रहीं हमारे सचिव डॉ अनुज को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी और सरोगेसी बोर्ड में नौ राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों में से एक के रूप में शामिल किया जाना एवं दूसरी रही प्रधानमंत्री कार्यालय के अंतर्गत गठित उत्तराखण्ड की चार धाम समिति में सदस्य के रूप में नामित होना। इस चार धाम समिति का उद्देश्य तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाये रखना है।

चार धामों में से तीन में चल रहे सोसाइटी के चिकित्सालयों ने इस वर्ष भी तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य संबंधी व अन्य आवश्यकताओं को सतत और निर्बाध रूप से यथावत रखा और अपनी स्थापना के वर्ष से लेकर अभी तक सर्वाधिक रोगियों का उपचार किया और उनकी तीर्थयात्रा को सुगम रखने में योगदान दिया। श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय ने अपनी सेवा यात्रा में एक अनूठी उपलब्धि हासिल की जब उसके रोगियों का आंकड़ा 1 लाख पार कर गया और यह संख्या श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की लगभग 10 प्रतिशत थी।

सुविधाएं बढाने के उद्देश्य से सोसाइटी ने श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के समीप एक भूमि ले ली है और विस्तारीकरण हेतु निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है, इसी क्रम में श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के भी विस्तारीकरण पर कार्य चल रहा है। सोसाइटी के एक अन्य प्रकल्प केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन का भी निर्माण कार्य प्रगति पर है और इस वर्ष के अंत तक चिकित्सालय का लोकार्पण अपेक्षित है।

सोसाइटी की निःस्वार्थ सेवा यात्रा को यथावत रखने व और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के ध्येय के साथ एक नई कार्यकारिणी समिति ने सोसाइटी का दायित्व संभाल लिया। सोसाइटी निवर्तमान सदस्यों का जिन्होंने अपने दायित्वों का पूरी कार्यकुशलता के साथ निर्वहन किया, उनका हृदय से आभार व्यक्त करती है।

सोसाइटी ने AIIMS ऋषिकेश के साथ एक अनुबन्ध किया जिसके अंतर्गत AIIMS ऋषिकेश द्वारा चलाये जा रहे High Altitude Medicine (DM) पाठ्यक्रम के लिए सोसाइटी अपने ऊंचाई (High Altitude) वाले चिकित्सालयों को अध्ययन केंद्र के रूप में उपलब्ध कराएगी।

वर्ष का अंत एक अन्य उपलब्धि के साथ हुआ जब सोसाइटी ने अपने मनेरी चिकित्सालय को महर्षि भृगु आश्रम, उजेली उत्तरकाशी में एक बड़े परिसर में स्थानांतरित कर दिया और जिसका औपचारिक उद्घाटन 4 अप्रैल 2023 को किया गया।

आगामी वर्ष चिकित्सालयों की सुविधाओं और सेवाओं में एक बड़ा विस्तार देखने के लिए सज्ज एवं उत्सुक है। आइए हमारे साथ इस सेवा यात्रा में सहृदय सम्मिलित होकर अपने परोपकारी सपनों को साकार होते देखें और दुःख व पीड़ा से ग्रसित जनों की निःस्वार्थ सेवा में अपना योगदान दें।

> न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम्।
> कामये दुःखतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्॥


0 3 हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला

0 4 प्रमुख उपलब्धियां

0 5 हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालय

0 6 CSR व अन्य सहयोग

0 7 पुरस्कार एवं सम्मान

0 8 - 1 3 उल्लेखनीय गतिविधियाँ

1 4 - 1 5 सर्जरी शिविर

1 6 - 1 7 मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

1 8 सामुदायिक चिकित्सा शिविर

1 9 - 2 0 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

2 1 समारोह एवं पर्व

2 2 - 2 3 उत्कृष्ट उदाहरण

2 4 - 2 6 आंकड़े

2 7 सोसाइटी संचालन समिति

2 8 भावी परियोजनाएं एवं वित्तीय विवरण

2 9 हमारे सहयोगी संगठन

3 0 - 3 1 सोसाइटी के गौरव



**संपादकीय और रूपांकन समिति**

डॉ ताराश्री सिंघल

डॉ दीपक सिन्हा

श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् २०१२ में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन । इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है , एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 12 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# प्रमुख उपलब्धियां

## सोसाइटी के 11वें चिकित्सालय का लोकार्पण

पूजनीय श्री माता मंगला जी और श्री भोले जी महाराज एवं डॉ कृष्ण गोपाल जी (सह सरकार्यवाह, RSS) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह में सम्मिलित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में श्री महेंद्र जी (क्षेत्रीय प्रचारक, RSS), डॉ एस के वर्मा (अध्यक्ष SVHM सोसाइटी), श्री हरीश सेमवाल जी (अध्यक्ष श्री पांच मंदिर समिति, गंगोत्री) एवं श्री सुरेश सेमवाल जी (सचिव श्री पांच मंदिर समिति, गंगोत्री) आदि शामिल थे।

4 मई: गंगोत्री धाम



भाग्यनगर, तेलंगाना के 93 वर्षीय प्रसिद्ध अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता श्री आदि नारायण राजू जी ने गंगोत्री धाम चिकित्सालय के निर्माण में अपना प्रमुख योगदान दिया है।

स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम

24x7 कार्यरत, आईसीयू सुसज्जित व ऑक्सीजन की सुविधा वाले 12 बेड सहित इस चिकित्सालय में नियमित ओपीडी के अतिरिक्त डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी और लैब जांच जैसे सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।

## सोसाइटी के 12वें चिकित्सालय का लोकार्पण

उद्घाटन समारोह में सम्मिलित गणमान्य व्यक्तियों में परम पूज्य श्री सुधांशु जी महाराज, संस्थापक - विश्व जागृति मिशन, श्री सुहास राव हिरेमठ - राष्ट्रीय समन्वयक, सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा; डॉ रमेश गुप्ता, वरिष्ठ Gastroenterologist, नई दिल्ली; श्री राकेश कुमार गुप्ता और डॉ अनुज सिंघल, सचिव, SVHM सोसाइटी आदि शामिल थे।

30 सितम्बर: दिल्ली




स्वामी विवेकानन्द हैल्थ केयर सेन्टर, करोल बाग, दिल्ली

चिकित्सालय ओपीडी , डे केयर, आई क्लिनिक, डेंटल क्लिनिक, फिजियोथेरेपी, लैब, डिजिटल एक्स रे, स्पेशलिटी और सुपरस्पेशलिटी ओपीडी, माइनर ओटी आदि सुविधाओं से सुसज्जित है।

## सोसाइटी के केन्द्रीय कार्यालय का शुभारम्भ

सोसाइटी ने बैठकों, कार्यशाला, आदि सुगमता एवं सुविधापूर्वक करने के उद्देश्य से नोएडा में अपना केन्द्रीय कार्यालय शुरु किया है। इस कार्यालय में कार्यकारिणी समिति के सदस्य सोसाइटी से सम्बंधित विषयों पर विचार विमर्श, दानकर्ताओं के साथ बैठक व प्रस्तुति इत्यादि कर पायेगें। कार्यालय में एक सभागार , प्रशिक्षण कक्ष के साथ ही अन्य सुविधाएँ भी उपलब्ध है। कार्यालय NCR दिल्ली क्षेत्र में होने के कारण आसानी से पहुंचा जा सकता है।




स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, केन्द्रीय कार्यालय:
45, इलाहाबाद हाई कोर्ट जजेस कॉलोनी, सेक्टर 105, नोएडा (यू.पी.)

# हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालय



श्री बद्रीनाथ धाम



श्री केदारनाथ धाम



गंगोत्री धाम



श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय

लोकार्पण - 11 मई 2019



श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय

लोकार्पण - 2 सितम्बर 2019



गंगोत्री धाम चिकित्सालय

लोकार्पण - 4 मई 2022



स्वास्थ्य लाभ लेने वाले कुल श्रद्धालु
**2,21,081**



इमरजेंसी में आए कुल श्रद्धालु
**23,993**



**AIIMS ऋषिकेश में High Altitude Medicine में प्रशिक्षित स्टाफ**

## समस्त सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान करी जाती हैं

- ओ पी डी
- आई पी डी
- आई सी यू
- 24x7 इमरजेंसी
- फार्मेसी
- लेबोरेटरी
- डिजिटल एक्स रे
- माइनर ऑपरेशन थिएटर
- ACLS एम्बुलेंस



## AIIMS ऋषिकेश के साथ MOU

इस MOU के अंतर्गत, AIIMS ऋषिकेश द्वारा चलाए जा रहे High Altitude Medicine (DM) पाठ्यक्रमों के लिए सोसाइटी के धाम चिकित्सालय अध्ययन केंद्र के रूप में काम करेंगे।

## तीर्थयात्रियों के लिए अतिरिक्त निःशुल्क सेवाएं




- चाय एवं बिस्कुट
- चप्पल एवं रेनकोट



# CSR (Corporate Social Responsibility) व अन्य सहयोग

## सैनिटरी पैड बनाने की मशीन का उद्घाटन

12 जुलाई | धर्मावाला




सौजन्य से: फिएम इंडस्ट्रीज सोनीपत, हरियाणा द्वारा CSR के अंतर्गत

उद्घाटन समारोह में राजकीय चिकित्सालय, विकासनगर के वरिष्ठ सर्जन डॉ एन.एस. चौहान, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल, कार्यकारी समिति सदस्या डॉ ताराश्री सहित चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक व स्टाफ शामिल थे। इस अवसर पर धर्मावाला और आसपास के गांवों के ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी रही।

## वाघ बकरी चाय समूह की CSR पहल

14 नवम्बर | धर्मावाला



वाघ बकरी चाय समूह के कार्यकारी निदेशक, श्री पराग देसाई एवं डीजीएम, सीएसआर श्री अजय सिसिलिया, धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आये एवं चिकित्सालय की सुविधाओं के साथ साथ नए निर्माणाधीन भवन को भी देखा। सीएसआर पहल के तहत श्री पराग देसाई जी ने धर्मावाला चिकित्सालय में एक नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के समस्त उपकरण इत्यादि की लागत का व्यय रुपए 45 लाख वहन करने की सहमती दी।

## अल्ट्रासाउंड (GE Voluson S8 3D/4D) मशीन

20 सितम्बर | धर्मावाला




धर्मावाला चिकित्सालय में एक नवीन आधुनिक और विकसित अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना के साथ ही सोनोग्राफी विभाग की इमेजिंग प्रक्रिया की गुणवत्ता में कई गुना वृद्धि हो गई है। 3D/4D इमेजिंग तकनीक से सुसज्जित यह मशीन ने रोगों को पता लगाने की क्षमता को बहुत उन्नत और सक्षम कर दिया है। यह मशीन गोरखपुर के डॉ विक्रांत अग्रवाल एवं अन्य सेवाभावी चिकित्सकों व दानकर्ताओं के द्वारा उपलब्ध करायी गई है।

## पीटीसी फाउंडेशन की CSR पहल

12 जनवरी

PTC Foundation
emPowering Community
PTC India

पी.टी.सी. फाउंडेशन ने अपने CSR पहल के अंतर्गत सोसाइटी द्वारा संचालित श्री माधव चिकित्सालय, नारायणकोटी के लिए ACLS एम्बुलेंस एवं जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु सहमती दी।

## नई एम्बुलेंस

9 फरवरी | धर्मावाला



गाज़ियाबाद निवासी डॉ नितिन गौर ने रोगियों को लाने व ले जाने के लिए एक नयी एम्बुलेंस दान करी, जिसका शुभारम्भ व विधिवत पूजन साधना केंद्र डुमेट आश्रम के स्वामी जी कृष्ण दास जी के कर कमलो द्वारा धर्मावाला चिकित्सालय में हुआ।

# पुरस्कार एवं सम्मान

**डॉ ताराश्री सिंघल, सोसाइटी की कार्यकारिणी सदस्या एवं धर्मावाला चिकित्सालय की वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट को स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए नि:स्वार्थ कार्य एवं समर्पण को कई मंचों पर सराहा गया और इसके लिए उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया।**

**1 जुलाई: देहरादून**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर आईएमए देहरादून द्वारा सम्मानित, उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री श्री धन सिंह रावत जी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

**1 जुलाई: देहरादून**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर मीडिया घरानों द्वारा सम्मानित, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल जी द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

**14 मार्च: विकासनगर**




भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य के लिए "सुषमा स्वराज पुरस्कार" से सम्मानित किया गया।

**3 अप्रैल: नई दिल्ली**



सोसाइटी को स्वास्थ्य, शिक्षा व स्वावलंबन के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के सम्मान स्वरूप भाऊराव देवरस सेवा न्यास की ओर से "अभिनन्दन पत्र" से सुशोभित किया गया। सोसाइटी की ओर से यह सम्मान सचिव डॉ अनुज सिंघल ने ग्रहण किया। इस समारोह में डॉ अनुज की सह धर्मिणी एवं सोसाइटी की कार्यकारिणी सदस्या और धर्मावाला चिकित्सालय की वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट डॉ ताराश्री सिंघल भी उपस्थित रहीं।

**1 जुलाई: देहरादून**



दिव्या हिमगिरी, देहरादून द्वारा डॉ वैभव प्रताप सिंह, जनरल सर्जन, धर्मावाला चिकित्सालय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सम्मानित किया गया। श्री नरेश बंसल, राज्यसभा सांसद ने पुरस्कार प्रदान किया। प्रो. (डॉ.) हेम चंद्रा, वाईस चांसलर, एचएनबी यूके मेडिकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी, देहरादून भी उपस्थित रहे ।


भारत का राजपत्र
The Gazette of India
EXTRAORDINARY
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
PUBLISHED BY AUTHORITY
NEW DELHI, FRIDAY, DECEMBER 16, 2022/AGRAHAYANA 25, 1944
नई दिल्ली, 16 दिसम्बर, 2022

सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल को राष्ट्रीय सहायता प्राप्त जननीये प्रोद्योजगकी और सरोगेसी बोर्ड में विशेषज्ञ सदस्य (सामाजिक वैज्ञानिक) के रूप में नामित किया गया।

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ (धर्मावाला - स्पेशल शिविर)

**23 एवं 24 अप्रैल**

## दी स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई द्वारा स्पाइन सर्जरी शिविर का आयोजन



दी स्पाइन फाउंडेशन टीम के साथ धर्मावाला चिकित्सालय के डॉक्टर



स्पाइन सर्जरी

स्पाईन फाउंडेशन मुंबई के संस्थापक एवं ट्रस्टी डॉ०शेखर. वाई.भोजराज, सोसाइटी के निःस्वार्थ सेवा कार्यो से बहुत प्रभावित हुये एवं धर्मावाला चिकित्सालय के साथ एक सहयोग अनुबन्ध किया, जिसके अंतर्गत धर्मावाला चिकित्सालय एक ग्रामीण स्पाईन केयर चिकित्सालय की तरह सुविधा प्रदान करेगा। तभी से निरंतर स्पाईन सर्जन डॉ० तेजस्वी की देखरेख में स्पाईन सर्जरी ,धर्मावाला चिकित्सालय में लगातार हो रही है, और इसके परिणाम भी सुखद एवं उत्साहवर्धक रहे है।

**26 जून**

## ASI एवं UPASI के सहयोग से धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित हुआ निःशुल्क विशेष सर्जरी शिविर

### निःस्वार्थ स्वास्थ्य सेवा को समर्पित एक परिवार



द्वीप प्रज्वलन के साथ शिविर का शुभारम्भ करती हुए अपने डॉक्टर सुपुत्रों के साथ डॉ सुधा लवानिया



डॉ सुधा लवानिया जी को सोसाइटी के ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

धर्मावाला चिकित्सालय के इतिहास में यह एक अविस्मरणीय दिन था जब एक ही परिवार से चिकित्सा जगत के तीन दिग्गज हमारे "नर सेवा नारायण सेवा" ध्येय का अंग बनने के लिए एक साथ आये और अपनी समृद्ध विशेषज्ञता और दक्षता से हमें अनुग्रहित किया। सोसाइटी डॉ सुधा लवानिया जी को उनकी संतानों में कर्तव्यनिष्ठा, सत्यनिष्ठा और परोपकार के गुण और संस्कार देने के लिए सादर नमन करती है।



डॉ सिद्धेश जी, अध्यक्ष, एएसआई एवं टीम के सदस्यों का अभिनंदन करते हुए डॉ अनुज सिंघल जी। पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सभी सदस्य बहुत प्रसन्न हुए और नियमित रूप से आने का आश्वासन भी दिया।



सर्जरी टीम: डॉ सिद्धेश जी. (अध्यक्ष, ASI),
डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, ASI), मदुरई
डॉ श्रीनिवासन, डॉ कार्तिकेयन, मदुरई एवं डॉ निखिल सिंह, लखनऊ

इस अवसर पर मुख्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में थे डॉ सिद्धेश जी (अध्यक्ष, ASI)
डॉ डी. मारुथु पांडियन (निदेशक, सोशल वेलफेयर कॉउन्सिल, ASI) व डॉ. जे.पी. शर्मा (अध्यक्ष, UPASI)
अन्य प्रख्यात सर्जनों में उपस्थित थे डॉ निखिल सिंह (सचिव, UPASI), डॉ प्रशांत लवानिया (निदेशक, सोशल सर्विस, UPASI),
डॉ समीर कुमार (एग्जीक्यूटिव कॉउन्सिल सदस्य , UPASI), डॉ अमित श्रीवास्तव, डॉ अंकुर बंसल और
डॉ अमित गोयल (एग्जीक्यूटिव कॉउन्सिल सदस्य, UPASI)

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ

## सृजन सोशल इंटर्नशिप कार्यक्रम "School for Life"

1 जून - 31 जुलाई | धर्मावाला



UPES देहरादून व स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के साथ हुए एक अनुबंध के अंतर्गत उनके चार विद्यार्थी (इंटर्न) 'स्कूल फॉर लाइफ' की सोशल इंटर्नशिप 'सृजन' कार्यक्रम जो की उनके पाठ्यक्रम का एक अंग है, पूरा करने हमारे धर्मावाला चिकित्सालय से दो माह के लिए जुड़े।

## आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र का शुभारम्भ

2 जुलाई | हरिद्वार



केंद्र का उद्घाटन डॉ कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद जी महाराज द्वारा किया गया।

## अल्ट्रासाउंड की सुविधा का शुभारम्भ

31 अगस्त | पेटशाल




पेटशाल चिकित्सालय में "आरोही" संस्था की मोबाइल मेडिकल वैन के सहयोग से महीने में एक बार अल्ट्रासाउंड की शुरुआत कर अपनी सुविधाओं की श्रेणी में एक सुविधा और जोड़ ली है। अल्ट्रासाउंड डॉ विवेक शर्मा, जो की रेडियोलॉजी विभाग, AFMC, पुणे के पूर्व प्रोफेसर होने के अलावा कमांड चिकित्सालय लखनऊ में विभागाध्यक्ष और पूर्व कमांडिंग ऑफिसर भी रहे हैं, के द्वारा किया जा रहा है।

## रक्तदान शिविर

21 सितम्बर | पीपलकोटी




स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ (आज़ादी का अमृत महोत्सव) के अवसर पर पीपलकोटी चिकित्सालय ने स्वास्थ्य विभाग, चमोली जनपद के सहयोग से अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान के लिए कुल 39 व्यक्तियों ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराया जिसमे 12 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्त दाताओं को इस सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## Arthroscopic/ Sports Injury विभाग का शुभारम्भ

26 सितम्बर | धर्मावाला




धर्मावाला चिकित्सालय में Arthroscopic Reconstructive Surgery की शुरुआत डॉ गौरांग अग्रवाल, Arthroscopic Sports Injury Surgeon द्वारा हुई जो एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि रही।

## सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण सत्र

12 - 13 नवम्बर | हरिद्वार



श्रीमती माधुरी मराठे (राष्ट्रीय सेविका समिति) की उपस्थिति में समाधान NGO की अध्यक्ष डॉ रेणु डी सिंह द्वारा एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ

## चारधाम चिकित्सालय - वार्षिक समीक्षा बैठक

5 नवम्बर

श्री बद्रीनाथ धाम



सोसाइटी के कोर ग्रुप की एक बैठक दिनांक 5 नवंबर 2022 को डॉ कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, आर एस एस के अध्यक्षता में श्री बद्रीनाथ धाम में आयोजित की गई जिसमे सोसाइटी द्वारा संचालित धाम के चिकित्सालयों के इस वर्ष के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## मेडिकल सम्मेलनों में सोसाइटी का प्रतिनिधित्व

10 - 12 नवम्बर

कोच्ची



डॉ अनुज सिंघल ने “हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में टेली-स्वास्थ्य” पर टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (टीएसआई), TELEMEDICON-2022 के 18वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया।

18 - 20 नवम्बर

विशाखापट्टनम



डॉ संजय शाह, चिकित्सा निदेशक, हरिद्वार चिकित्सालय ने "ओल्ड इज गोल्ड: स्टिल स्टेंड्स ट्रू इन मेडिसिन" पर अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन (एसीपी) की 7वीं वार्षिक बैठक में एक पेपर प्रस्तुत किया।

15 - 16 मार्च

गाज़ियाबाद



धर्मावाला चिकित्सालय के वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ वी वी प्रसाद को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गाज़ियाबाद में आयोजित आयुर्वेदिक फार्माकोपिया में एक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया।

## दन्त चिकित्सकों और प्रबंधकों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक

23 दिसम्बर

धर्मावाला



सोसाइटी चिकित्सालयों के दंत चिकित्सकों ने एक दिवसीय समीक्षा एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला में भाग लिया।

25 मार्च

हरिद्वार



तिमाही समीक्षा बैठक में सोसाइटी द्वारा संचालित सभी चिकित्सालयों के चिकित्सकों एवं प्रबंधकों ने भविष्य की योजनाओं को तैयार करने के लिए भाग लिया।

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ

## मैराथन का आयोजन

14 अगस्त | धर्मावाला



धर्मावाला एवं हरिद्वार के चिकित्सालयों ने स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस एवं अखंड भारत संकल्प दिवस को मनाने हेतु मैराथन का आयोजन किया।

## फिजियोथेरेपी विभाग का शुभारंभ

2 जनवरी | नारायणकोटी



नारायणकोटी फिजियोथेरेपी की सुविधा वाला सोसाइटी का चौथा चिकित्सालय बन गया, जिससे सेवाओं में वृद्धि हुई और क्षेत्र की एक बड़ी आवश्यकता को पूरा किया गया।

## तीसरा स्थापना दिवस समारोह

21 जुलाई | पेटशाल



इस मधुर आयोजन के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज पेटशाल की छात्राओं द्वारा मनमोहक पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री प्रमोद पंत जी ने चिकित्सालय द्वारा प्रदान करी जा रही सेवाओं की प्रशंसा करते हुए एक प्रेरणा से भरा संबोधन दिया।

## पांचवां स्थापना दिवस समारोह

21 जनवरी | पीपलकोटी




पीपलकोटी चिकित्सालय ने अपना 5वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के एसडीएम, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ स्थानीय पदाधिकारियों, टीएचडीसी के अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## दूसरा स्थापना दिवस समारोह

24 जनवरी | हरिद्वार



हरिद्वार चिकित्सालय ने अपना दूसरा स्थापना दिवस "हवन", उपलब्धियाँ एवं प्रगति पर एक प्रस्तुति व अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया।

## स्पाइरोमेट्री सुविधा का शुभारंभ

24 फरवरी | धर्मावाला



स्पाइरोमेट्री प्रक्रिया अस्थमा, COPD एवं सांस के रोगों के निदान के लिए एक आधुनिक परीक्षण है जिसे धर्मावाला चिकित्सालय में शुरू किया गया।

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ

## जन संपर्क अभियान (2 - 20 जनवरी)

सोसाइटी द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के शुभ अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने चिकित्सालयों के स्टाफ द्वारा घर-घर जाकर जन संपर्क किया गया।

प्रमुख तीन उद्देश्यों के साथ हम इस जन संपर्क अभियान को कर रहे हैं:

- जन जन को सोसाइटी के लक्ष्य और संदृष्टि के बारे में तथा चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं से अवगत कराना।
- हमारे चिकित्सालयों की सुविधाओं के बारे में समुदाय की प्रतिक्रिया एकत्र कर हमारी मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ कर उनमें सुधार लाना।
- समाज की प्रतिभागिता को इस सेवा यज्ञ में सम्मिलित करना।

धर्मावाला



बड़कोट



हरिद्वार



पीपलकोटी



इस अभियान के दौरान, समुदाय ने हमारे स्टाफ का स्वागत किया और हमारे चिकित्सालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। हमारे चिकित्सालय की टीम द्वारा उनके घर तक पहुंचने के प्रयासों के लिए सभी ने सहृदय आभार व्यक्त किया। अपनी कृतज्ञता दिखाते हुए, निम्न सामाजिक-आर्थिक एवं अन्य समुदाय ने स्वेच्छा से और खुशी-खुशी दान स्वरुप धन राशि एवं अन्य विविध वस्तुओं का दान भी दिया।

पेटशाल



जनमानस से मिले उत्साहवर्धक फीडबैक ने हमें प्रफुल्लित कर दिया और लगभग 90% लाभार्थी हमारी सेवाओं से संतुष्ट मिले। सोसाइटी के लिए यह क्षण अत्यधिक संतुष्टिदायक एवं खुशी वाला रहा और साथ ही हमें "नर सेवा नारायण सेवा" के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित करने वाला रहेगा।

### सभी चिकित्सालयों के संकलित आंकड़े

कुल भ्रमण किए गए गांव: 43

सम्पर्क किये गये कुल परिवारों की संख्या: 1502

चिकित्सालय के सन्दर्भ में जनमानस की प्रतिक्रिया:

- बहुत अच्छा: 450 (30%)
- अच्छा: 565 (38%)
- औसत: 316 (21%)
- असंतोषजनक: 72 (5%)
- कोई प्रतिक्रिया नहीं: 99 (6 %)

चिकित्सालय के बारे में पता था: 1403 (93%)

# उल्लेखनीय गतिविधियाँ (विशेष अतिथि)

25 सितम्बर | राम कथा व्यास स्वामी विजय कौशल जी महाराज | धर्मावाला



स्वामी जी धर्मावाला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं स्टाफ के साथ।

## स्वामी जी के कथन अनुसार

"मैंने यहाँ आने से पहले सोचा था की बाकी धर्मार्थ चिकित्सालयों की तरह यहाँ भी तीन या चार कमरे होंगे और कोई रिटायर्ड चिकित्सक बैठ अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहा होगा, किन्तु यहाँ पहुँच कर देखा की यह चिकित्सालय आधुनिक एवं उत्तम उपकरणों से लैस है। स्पेशियलिस्ट चिकित्सक एवं योग्य स्टाफ की एक बड़ी टीम तथा रोगियों की भारी भीड़ देख मन प्रसन्न हो गया। इस चिकित्सालय में नवीन एवं गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान की जाती है जो की सराहनीय है एवं अपेक्षा से भी परे है ।

सोसाइटी के सेवा कार्यों से स्वामी जी इतने प्रभावित हुए की प्रवास के पश्चात अगले ही दिन आयोजित हुई कथा में सोसाइटी के सेवा कार्यों का प्रचार किया एवं उनके आह्वान पर सोसाइटी के लिए 4.5 लाख रुपये से भी अधिक का धन संग्रह हुआ।

## स्वामी जी द्वारा दिया गया वचन जिसने हमें कृतज्ञ कर दिया

"अब से मैं सदैव अपने प्रवचनों एवं कथाओं में स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों का उल्लेख कर सोसाइटी के प्रचारक की भूमिका निभाऊंगा"।

18 दिसम्बर | हरिद्वार



AIIMS दिल्ली के फैकल्टी और 130 एम.बी.बी.एस प्रथम वर्ष के छात्र हरिद्वार चिकित्सालय के प्रवास पर आये।

9 फरवरी | धर्मावाला



डॉ कृष्ण गोपाल जी ने धर्मावाला चिकित्सालय का प्रवास किया और सभी को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

14 मार्च | हरिद्वार




पद्म श्री डॉ. एच. आर. नागेंद्र जी, कुलाधिपति, S-VYASA, बेंगलुरु हरिद्वार चिकित्सालय के प्रवास पर आए।

25 मार्च | हरिद्वार



AIIMS दिल्ली के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय राय के नेतृत्व में एन.एम.ओ. दिल्ली के 90 छात्र चिकित्सालय के प्रवास पर आए।

# सर्जरी शिविर

## धर्मावाला, पेटशाल, हरिद्वार, नारायणकोटी एवं पीपलकोटी

**सर्जरी: 437**

### धर्मावाला



यूरोलॉजिस्ट की टीम:
प्रोफेसर (डॉ) प्रशांत लवानिया, आगरा;
डॉ प्रशांत जैन, डॉ आशुतोष, डॉ विकास बंसल
और डॉ देवप्रिया, दिल्ली

**सर्जरी: 260 (जनरल, स्पाइन, यूरो एवं Arthroscopic)**



सर्जन की टीम:
डॉ सिद्धेश जी; डॉ डी. मारुथु पांडियन, डॉ श्रीनिवासन, डॉ कार्तिकेयन, डॉ जे.पी. शर्मा;
डॉ निखिल सिंह, डॉ प्रशांत लवानिया; डॉ समीर कुमार; डॉ अमित श्रीवास्तव,
डॉ अंकुर बंसल एवं डॉ अमित गोयल

### पेटशाल



डॉ पंकज सोलंकी, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
और डॉ विनय धर्मवीर, एनेस्थेटिस्ट, दिल्ली

**सर्जरी: 29 (जनरल)**



डॉ अजय अग्रवाल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
और डॉ मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट, रुद्रपुर

### हरिद्वार



डॉ संदीप कुमार बंसल, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक
सर्जन, फरीदाबाद और
डॉ विजय त्यागी, एनेस्थेटिस्ट, देहरादून

**सर्जरी: 9 (जनरल एवं ऑर्थो)**



"हिप जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी" की टीम: ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ ज्ञानेश्वर टोंक, मेरठ,
डॉ नवीन अग्रोही, रुड़की, डॉ प्रियांक अग्रवाल, नोएडा एवं
डॉ चिराग वडेरा और डॉ सुधी, एनेस्थेटिस्ट, रुड़की।

# सर्जरी शिविर

नारायणकोटी



डॉ गौरांग अग्रवाल, Arthroscopic Sports Injury सर्जन, ऋषिकेश

सर्जरी: 11 (जनरल एवं ऑर्थो)



डॉ एम.एम. हमीदी, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन; डॉ कपिल त्यागी, ओर्थोपेडिक सर्जन; डॉ राहुल, एनेस्थेटिस्ट, नोएडा एवं राकेश उनियाल जी, ओ टी टेक्नीशियन

पीपलकोटी



डॉ एम.एम. हमीदी, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन और डॉ राहुल, एनेस्थेटिस्ट, नोएडा

सर्जरी: 17 (जनरल)



डॉ नरेंद्र सिंह चौहान, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन, विकासनगर; डॉ सी बी वर्मा, एनेस्थेटिस्ट, धर्मावाला

## हरिद्वार चिकित्सालय में मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**महीने में दो बार हरिद्वार चिकित्सालय के Optometrist नारायणकोटी एवं पीपलकोटी चिकित्सालयों के प्रवास पर जाते हैं, मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता वाले रोगियों की पहचान करके उनका हरिद्वार चिकित्सालय में नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाता है। इसके अतिरिक्त रोगी का यात्रा व्यय, रहना और भोजन इत्यादि सुविधाएं भी पूर्णतः नि:शुल्क प्रदान की जाती है।**

हरिद्वार

सर्जरी: 111
(44: नारायणकोटी एवं पीपलकोटी)



नेत्र शिविर
नारायणकोटी चिकित्सालय



डॉ सुलभ गोयल,
नेत्र सर्जन, हरिद्वार



नेत्र शिविर
पीपलकोटी चिकित्सालय

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविरों में

## अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

**हार्ट एवं लंग ट्रांसप्लांट सर्जन**
- डॉ राहुल चंदोला, दिल्ली

**बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, पलवल**
- डॉ योगेश साठे , पलवल

**पीडियाट्रिक सर्जन**
- डॉ मीरा लूथरा, गुरुग्राम

**कार्डियोलॉजिस्ट**
- डॉ ओम प्रकाश सिन्हा, दिल्ली
- डॉ राकेश गुप्ता, रूड़की
- डॉ प्रमोद जोशी, हल्द्वानी
- डॉ महेंद्र कुमार, रूड़की

**पल्मोनोलॉजिस्ट**
- डॉ सुनील बालियान, नोएडा

**किडनी रोग विशेषज्ञ**
- डॉ अनिल भट्ट, नोएडा

**यूरोलोजिस्ट**
- डॉ प्रशांत लवानिया, आगरा
- डॉ प्रशांत जैन, दिल्ली
- डॉ विकास बंसल, गाज़ियाबाद
- डॉ देवप्रिया मित्रा, दिल्ली
- डॉ आशुतोष कुमार सिंह, दिल्ली
- डॉ शैलेन्द्र गोयल, नोएडा
- डॉ संजय अग्रवाल, दिल्ली
- डॉ महेंद्र शर्मा, नोएडा
- डॉ देवेन्द्र कुमार बब्बर, नोएडा
- डॉ वेंकटेश कुमार, नोएडा
- डॉ अतुल खंडेलवाल, सोनीपत
- डॉ विपिन सिसोदिया, नोएडा

**गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट**
- डॉ नितिन वर्मा, हरिद्वार

**एंडोक्राइनोलॉजिस्ट**
- डॉ संदीप सुपेहिया, दिल्ली
- डॉ सौरभ एस अग्रवाल, नोएडा

**न्यूरो सर्जन**
- डॉ मुकेश कुमार झा, दिल्ली
- डॉ शरद पाण्डेय, दिल्ली
- डॉ गौरव ढाकरे, आगरा
- डॉ आदित्य वार्ष्णेय, बस्ती
- डॉ सुमित शर्मा, नोएडा

**प्लास्टिक सर्जन**
- डॉ राकेश कुमार खजांची, गुरुग्राम
- डॉ स्वरूप गंभीर, दिल्ली

**आर्थोस्कोपिक सर्जन**
- डॉ गौरांग अग्रवाल, ऋषिकेश

**ऑन्कोलॉजिस्ट**
- डॉ वरुण कुमार अग्रवाल, आगरा
- डॉ संकल्प सिंह, दिल्ली

**क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ**
- डॉ विनय कुमार, दिल्ली
- डॉ अभिषेक किशोर, हरिद्वार

**महिला रोग विशेषज्ञ**
- डॉ आरुशी ढिल्लों, करनाल
- डॉ प्रियंका गौर, ग्वालियर

**जनरल सर्जन**
- डॉ एम.एम. हमीदी, नोएडा
- डॉ अजय अग्रवाल, रुद्रपुर
- डॉ संदीप के बंसल, फरीदाबाद
- डॉ अभय कुमार, देहरादून
- डॉ एन. एस. चौहान, विकासनगर
- डॉ पंकज सोलंकी, दिल्ली
- डॉ डी. मारूथू पांडियन, मदुरई
- डॉ श्रीनिवासन, मदुरई
- डॉ कार्तिकेयन, मदुरई
- डॉ सिद्देश जी, मदुरई
- डॉ निखिल सिंह, लखनऊ
- डॉ एन. के. अग्रवाल, हरिद्वार

**एनेस्थेटिस्ट**
- डॉ मनोरंजन पन्त, रुद्रपुर
- डॉ विनय धर्मवीर, दिल्ली
- डॉ विजय त्यागी, देहरादून
- डॉ सुधि अग्रवाल, रूडकी
- डॉ सुशील कुरील, रूड़की
- डॉ राहुल सिंह, नोएडा

**ओर्थोपेडिक सर्जन**
- डॉ नवीन अग्रोही, रूड़की
- डॉ ज्ञानेश्वर टोंक, मेरठ
- डॉ प्रियांक अग्रवाल, नोएडा
- डॉ ए. के. पाठक, आगरा
- डॉ विपुल अग्रवाल, आगरा
- डॉ पवनीश कुमार, देहरादून
- डॉ मोहित कुमार, दिल्ली
- डॉ संदीप त्रिपाठी, नोएडा
- डॉ दीपक सेमवाल, नोएडा
- डॉ सर्वेश पाण्डेय, दिल्ली
- डॉ अभिसार कटियार, नोएडा
- डॉ दीपक कुमार, दिल्ली
- डॉ सौरभ गाडी, दिल्ली
- डॉ आशीष शर्मा, दिल्ली
- डॉ अनिल गुलिया, सोनीपत
- डॉ दीपक भट्ट, रुद्रपुर
- डॉ पुखराज गौर, ग्वालियर

**नेत्र सर्जन**
- डॉ महेश खेतान, देहरादून
- डॉ अनिल शर्मा, अम्बाला
- डॉ बुधविलास सिंह, अल्मोड़ा
- डॉ एन.एस. जंगपांगी, देहरादून

**ई.एन.टी. सर्जन**
- डॉ विकास ढिल्लों, करनाल
- डॉ सन्दीप दलाल, नोएडा
- डॉ संजीत गोइट, दिल्ली
- डॉ सुबोध कुमार, नोएडा
- डॉ एस पी सिंह, हरिद्वार
- डॉ आशीष भूषण, नोएडा
- डॉ गौरांग सिंघल, दिल्ली
- डॉ अशोक कुमार, करनाल
- डॉ विक्रम भारद्वाज, नोएडा
- डॉ रीमा श्री, नोएडा
- डॉ आकांक्षा धीमान, नोएडा
- डॉ सुनील अरोड़ा, दिल्ली
- डॉ जसप्रीत सिंह, हरिद्वार

**जनरल फिजिशियन**
- डॉ एस. के. बक्शी, मुज़फ्फरनगर
- डॉ नीलाम्बर भट्ट, हल्द्वानी
- डॉ नितिन कुमार, देहरादून
- डॉ अविनाश कुमार, मुज़फ्फरनगर
- डॉ मोतीलाल नेगी, दिल्ली
- डॉ कार्तिकेय भट्ट, हल्दानी
- डॉ अंकित टंडन, दिल्ली

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
- डॉ यतिंदर नागयान, हरिद्वार
- डॉ पी. के. सिंह, रूड़की
- डॉ आलोक कुमार, रूड़की
- डॉ राम अनुग्रह, बस्ती
- डॉ राहुल अहार, हरिद्वार
- डॉ अखिलेश थोले, दिल्ली
- डॉ ऋचा चौधरी, दिल्ली

**पैथोलोजिस्ट**
- डॉ रितु खेतान, देहरादून

**मनोचिकित्सक**
- डॉ सागर लवानिया, आगरा
- डॉ तानिया गर्ग, देहरादून
- डॉ वीना तेजन, देहरादून
- डॉ हेमंत कटारिया, हरिद्वार

**आयुर्वेद चिकित्सक**
- डॉ राजीव कुरेले, हरिद्वार
- डॉ अनुराग वत्स, हरिद्वार
- डॉ देवेश शुक्ला, हरिद्वार
- डॉ अशोक शर्मा, हरिद्वार

**दन्त रोग चिकित्सक**
- डॉ बबीता अहलावत, करनाल

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर



धर्मावाला



धर्मावाला



हरिद्वार



हरिद्वार



पेटशाल

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**शिविर: 294**

**लाभार्थी: 26083**



| चिकित्सालय | शिविर | लाभार्थी |
|---|---|---|
| धर्मावाला | 88 | 6474 |
| नारायणकोटी | 23 | 1434 |
| बड़कोट | 4 | 300 |
| पीपलकोटी | 19 | 1817 |
| पेटशाल | 27 | 1654 |
| हरिद्वार | 107 | 12369 |
| दिल्ली | 26 | 2035 |

**इन सभी चिकित्सीय शिविरों में परामर्श के साथ निम्न सेवाएँ भी प्रदान की जाती है:**

सामान्य परीक्षण, तापमान, वजन और रक्तचाप माप, रक्त शर्करा (शुगर) की जांच, हीमोग्लोबिन एवं ई. सी. जी। मल्टी डिसिप्लिनरी (महिला रोग, त्वचा रोग, दंत रोग, नेत्र रोग इत्यादि) के विशेषज्ञ की परामर्श सुविधा भी उपलब्ध रहती है।

इन शिविरों में दवाएँ भी वितरित की जाती है। जिन रोगियों को विशेषज्ञ परामर्श व जांचों की आवश्यकता होती है उन्हें हमारे बेस चिकित्सालय में रेफर किया जाता है। इन शिविरों में स्वास्थ्य संबंधित जानकारियाँ भी दी जाती हैं।

**यह सभी सेवाएँ नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं।**

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**समाज विशेषकर जनजातीय, निर्धन और वंचित समुदायों में प्रचलित स्वास्थ्य सम्बंधित व अन्य समस्याओं को चिन्हित कर उनकी रोकथाम एवं निवारण के उद्देश्य से सोसाइटी जनजातीय बहुल एवं दुर्गम क्षेत्रों कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के लिए पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चला रही है। यह कार्यक्रम हैं एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम; मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम; स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग, जागरूकता एवं रोकथाम कार्यक्रम; मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, स्क्रीनिंग, जाँच व उपचार कार्यक्रम।**



## एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम

सोसाइटी ने निर्धारित समय अवधि में जनजातीय लक्षित आबादी में एनीमिया के प्रसार को कम करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को शुरू किया। हीमोग्लोबिन स्तर के आंकलन, कृमिनाशक एवं IFA वितरण के अलावा, इस कार्यक्रम का लक्ष्य आहार में स्थानीय रूप से उपलब्ध आयरन युक्त भोजन के साथ पौष्टिक आहार एवं स्वच्छता की आदतों को सम्मिलित करना भी है। लक्षित एनेमिक जनसंख्या में से 74% लाभार्थियों को एनीमिया मुक्त करने में इस कार्यक्रम ने सफलता प्राप्त की है।

कुल हिमोग्लोबिन जाँच: 1805
कुल व्यक्ति जिनमें एनीमिया पाया गया: 1149 (64%)
उपचार दिया गया: 1003
6 माह का उपचार पूरा कर अब एनीमिया मुक्त: 747 (74%)


## My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम: "मेरी पहचान खुद को जाने, खुद को पहचाने"

जागरूकता बढ़ाने और मासिक धर्म से जुड़ी मिथ्या भ्रमों को दूर करने के साथ-साथ मासिक धर्म स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोसाइटी धर्मावाला और उसके निकटतम जनजातीय बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम चला रही है।

परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 14,080
My Pad लाभार्थियों की संख्या: 3,701
कुल वितरित:

- सेनेटरी पैड पैकेटस (6 पैड/पैकेट): 12,379 (74,274 पैड)
- क्लॉथ पैड: 808






## स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम "कैंसर से दो कदम आगे - चिकित्सा से सावधानी भली"

भारत की महिलाओं में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है। इनकी रोकथाम समय रहते जागरूकता, नियमित जाँच एवं उपचार से की जा सकती है व इसी पर हमारा कार्यक्रम प्रयासरत है। नियमित स्क्रीनिंग एवं जाँचें जैसे मैमोग्राफी, PAP Smear, ब्लड टेस्ट आदि तथा नियमित फॉलोअप से इन रोगों का समय चलते पता लगाया जा सकता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हम स्वयं-परिक्षण पर भी ध्यान केंद्रित करते हैं।

कुल जागरूकता सत्र: 23; प्रतिभागी: 1717
कुल शिविर: 14; कुल स्क्रीनिंग: 786
PAP Smear जाँच: 614 (78%)
सूजन: 245 (40%); कैंसरस (Cancerous)/प्री कैंसरस (Pre-cancerous): 28 (5%) पोलिप: 4 (0.7%); नार्मल : 337 (55%)

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम



## सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

यह कार्यक्रम ग्रामीण आबादी के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है और स्वास्थ्यकर्ता द्वारा इन क्षेत्रों का भ्रमण कर एक प्रश्नावली के माध्यम से संदिग्धों को चिन्हित किया जाता है। पहचान किए गए संदिग्धों को फिर पुष्टि, उपचार और फॉलो अप के लिए धर्मावाला चिकित्सालय बुलाया जाता है।

कुल संपर्क किए गए लाभार्थी: 5,259
संदिग्ध मनोरोगी एवं भरे गए सर्वे फार्म: 1,422
परामर्श के बाद चिन्हित हुए कुल मनोरोगी: 500

## मुँह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, स्क्रीनिंग, जाँच एवं उपचार कार्यक्रम

जीवक कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में मुँह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, स्क्रीनिंग, जाँच एवं उपचार है। इसके अतिरिक्त नियमित स्वयं परिक्षण को व्यवहार में लाना और तंबाकू इत्यादि पदार्थों के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जनमानस को बताना भी है।

कुल संपर्क किए गए लाभार्थी: 1,462
व्यसन के साथ पाए गए कुल व्यक्ति: 588 (40%)
कुल आयोजित शिविर: 7; प्रतिभागी: 213
पॉजिटिव पाए गए/रेफरल: 47 (22%)

"जीवक" कार्यक्रम



## किशोरावस्था से सम्बन्धित समस्याओं पर जागरूकता सत्र बाबा भूमन शाह विद्या मंदिर, डुमेट में आयोजित किया गया





सोसाइटी नियमित रूप से "मासिक धर्म स्वच्छता" तथा "स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा" पर सत्र आयोजित करती है। यह सत्र डॉ ताराश्री सिंघल (धर्मावाला चिकित्सालय) द्वारा लिए जाते हैं।

## स्वावलंबन अभियान, हरिद्वार





हरिद्वार चिकित्सालय में स्वावलंबन अभियान के तहत, निकटतम गाँवों के अभावग्रस्त व्यक्ति, जो कुछ दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों और दुर्घटनाओं के कारण अपनी आजीविका खो चुके थे, उन्हें स्वरोजगार और निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की गई।

# समारोह एवं पर्व

11 जून



हिंदू साम्राज्य दिवस

21 जून



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

16 जुलाई



हरेला और गुरु पूर्णिमा

23 जुलाई



गुरु दक्षिणा

12 अगस्त



रक्षाबंधन

15 अगस्त



स्वतंत्रता दिवस

19 अगस्त



श्री कृष्ण जन्माष्टमी

24 अक्टूबर



दीपावली

12 जनवरी



स्वामी विवेकानन्द जयंती
राष्ट्रीय युवा दिवस

15 जनवरी



मकर सक्रांति

26 जनवरी



गणतंत्र दिवस

8 मार्च



होली

# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)

## धर्मावाला

- दूरस्थ जनजातीय गांवों से दो रोगी, 70 वर्षीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार और 40 वर्षीय महिला एक जैसी परेशानी के साथ हमारी स्पाइन ओ पी डी में आयेI
- दोनों ही पिछले कुछ वर्षों से अत्यधिक कमर दर्द से ग्रसित थे और चलने में कठिनाई का सामना कर रहे थे।
- दोनों ने ही कई चिकित्सालयों और क्लीनिकों पर दिखाया पर उन्हें बिलकुल भी आराम नहीं मिल रहा था, साथ ही उन्हें अपनी दिनचर्या के कार्यों को करने में भी दिक्कत हो रही थी।
- किसी लाभार्थी के द्वारा बताये जाने पर यह दोनों हमारे चिकित्सालय में आये ।
- दोनों में Lumbar Canal Stenosis L3-S1 with instability नाम की बीमारी पायी गयी और जिसका उपचार केवल जटिल स्पाइन सर्जरी थी ।
- उपचार की उच्च लागत की आशंका के कारण पहले दोनों ही चिंतित हुए परन्तु हमारे यहाँ के निम्न शुल्क के बारे में जानकर हैरान रह गए।
- दोनों रोगियों की स्पाइनल डीकंप्रेसन और स्पाइनल फ्यूजन (decompression and spinal fusion) सर्जरी सफलतापूर्वक की गयी ।
- ऑपरेशन के अगले दिन से ही दोनों रोगियों के लक्षणों में सुधार के साथ-साथ चलने में कठिनाई भी कम हुई।
- दोनों रोगी इतनी सटीक और कम लागत के साथ की गई सर्जरी से अत्यधिक आभारी होने के साथ-साथ खुश और संतुष्ट भी थे।







## श्री केदारनाथ धाम

- बेंगलुरु के एक 40 वर्षीय पुरुष तीर्थयात्री को अत्यधिक ठण्ड के साथ कंपन, कमजोरी व थकान की शिकायत के साथ लाया गया ।
- रोगी हाइपोथर्मिया के साथ साथ से acute mountain sickness से पीड़ित था।
- रोगी को तुरंत गरम वातावरण में रखकर उपचार दिया गया जिसमे oxygen के साथ iv fluid और अन्य दवाएं भी दी गयीं।
- 4 से 5 घंटे के भीतर रोगी के स्थिर होने के बाद और उसे छुट्टी दे दी गई।

## गंगोत्री धाम


- 31 वर्षीय एक पुरुष तीर्थयात्री को खांसी, तेज बुखार और सांस लेने में कठिनाई के साथ रात 10.30 बजे गंभीर हालत में उसके दोस्तों द्वारा लाया गया।
- वह तपोवन मार्ग पर यात्रा (ट्रैकिंग) करते हुए अस्वस्थ हो गए व कहीं भी उचित उपचार नहीं होने से उनकी दशा बिगड़ती गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें हमारे चिकित्सालय जाने की सलाह दी और वह यहाँ पहुचे।
- एक्यूट माउंटेन सिकनेस (Acute Mountain Sickness) से पीड़ित होने के चलते उन्हें तुरंत आईसीयू में भर्ती कराया गया।
- दो दिनों में, वह पूरी तरह से ठीक हो गए एवं सोसाइटी और चिकित्सालय के स्टाफ के प्रति बहुत आभार व्यक्त किया।
- उन्होंने स्वेच्छा से चिकित्सालय के लिए दान भी दिया और साथ ही भविष्य में भी पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



# उत्कृष्ट उदाहरण (उनमें से कुछ चुनिन्दा)

## धर्मावाला

- 15 वर्षीय एक किशोर को पिछले 12 वर्षों से गर्दन के नीचे बाएँ ओर एक छेद से पानी जैसा पदार्थ का रिसाव हो रहा था जो की खाने से समय बढ़ जाता था।
- उसे इसके कारण बार बार सूजन और संक्रमण भी हो रहा था।
- सी टी स्कैन (साईनोग्राम युक्त ) में ब्रंचिअल फिस्टुला (Branchial Fistula) नामक रोग का पता चला जिसका उपचार ऑपरेशन था।
- धर्मावाला चिकित्सालय की ई.एन .टी. विशेषज्ञ डॉ श्रेया द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने के बाद रोगी इस रोग से मुक्त हो गया ।






## बड़कोट

- डेढ़ वर्ष एक बालक बाएँ पैर में गंभीर चोट लेकर 16 नवम्बर को हमारी OPD में पहुंचा, गिरने के कारण उसकी बाएँ जांघ की हड्डी (femur) में फ्रैक्चर हो गया था।
- बालक को हड्डी रोग विशेषज्ञ के निर्देशन में क्लोज्ड रिडक्शन करके Hip Spica प्लास्टर कास्ट लगाया गया।
- पुन: जाँच व एक्स रे में उसके पैर की हड्डी पूरी तरह से जुड़ गई थी।
- इस केस को विशेष बनाता है हमारे चिकित्सालय द्वारा इतने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में इस तरह की उन्नत सुविधा उपलब्ध कराना।

## हरिद्वार


- रुड़की की मलिन बस्ती के रहने वाले 23 वर्षीय एक श्रमिक की 2 वर्ष पूर्व हुई दुर्घटना में दाहिने कूल्हे की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया था जिसके कारण उसे hip joint replacement की आवश्यकता थी ।
- अशक्त वर्ग से होने के कारण इस महंगे ऑपरेशन का व्यय उसकी पहुंच से बाहर था और वह इस कष्ट के साथ जी रहा था तथा उसकी आजीविका भी बंद हो गई थी।
- संयोग से यह हमारे एक चिकित्सा शिविर में आया जहाँ से हमारे एक स्वयंसेवक द्वारा उसे चिकित्सालय में लाया गया ।
- सोसाइटी के हमारे एक दानकर्ता के सहयोग से उसका hip joint replacement सफलतापूर्वक किया गया और उसे पुन: से अपने पैरों पर चलने के लिए स्वस्थ कर दिया ।




# आंकड़े





नोट: हमारे तीन चिकित्सालय (गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ), चारधाम यात्रा के समय ही कार्यरत रहते है, इसलिए इन चिकित्सालयों के आंकड़े कार्यरत रहे दिनों/महीनों के ही हैं । दिल्ली चिकित्सालय की शुरूआत 7 अगस्त से हुई है । (आंकड़े 8 महीने, अगस्त 22 से मार्च 23 तक के हैं)।




नोट: केवल धर्मावाला, हरिद्वार, दिल्ली, नारायणकोटी एवं डुमेट चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं।




नोट: अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी एवं पेटशाल चिकित्सालयों में उपलब्ध है। TIFFA (स्तर II) स्कैन केवल धर्मावाला व हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4,61,077** | **24,444** | **17,209** | **697** | **8,138** | **5,862** |
| पंजीकरण | दन्त रोग | अल्ट्रासाउंड | मोतियाबिंद ऑपरेशन | फिजियोथेरेपी | आयुर्वेद |


# आंकड़े

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी |
|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 108406 | 2729 | 14770 | 3601 |
| मनेरी | 1607 | 73 | 331 | 22 |
| नारायणकोटी | 9189 | 749 | 2515 | 687 |
| बड़कोट | 8742 | 152 | 3712 | 283 |
| पीपलकोटी | 9413 | 828 | 1484 | 469 |
| बद्रीनाथ (196)* | 7496 | 2522 | 1393 | 1252 |
| पेटशाल | 7414 | 398 | 1368 | 211 |
| केदारनाथ (173)* | 3006 | 13680 | 389 | 377 |
| हरिद्वार | 38208 | 1591 | 4937 | 2786 |
| गंगोत्री (170)* | 1625 | 1250 | 315 | 101 |
| डुमेट | 1000 | NA | NA | 61 |
| दिल्ली | 1255 | NA | NA | NA |
| कुल | 1,97,361 | 23,972 | 31,214 | 9,850 |

* उपरोक्त आंकड़े चिकित्सालय के संचालन के कार्यरत दिवसों के हैं।

| चिकित्सालय | सर्जरी |
|---|---|
| धर्मावाला | 1538 |
| नारायणकोटी | 139 |
| बड़कोट | 215 |
| पीपलकोटी | 53 |
| पेटशाल | 50 |
| हरिद्वार | 162 |
| गंगोत्री | 9 |
| कुल | 2,166 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।




| | |
|---|---|
| कुल कोविड वेक्सिनेशन(कोवीशील्ड,कोवेक्सिन,कोर्बीवेक्स) | 457 |
| सी टी स्कैन | 3640 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 576 |
| एंडोस्कोपी | 427 |
| ईको (ECHO) | 207 |
| ऑडियोमेट्री | 226 |
| स्पाइरोमेट्री (24 फरवरी से सुविधा का शुभारंभ) | 43 |
| मनोवैज्ञानिक परामर्श | 1685 |
| Psychiatric ओ पी डी | 539 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

**2,166** सर्जरी | **23,972** इमरजेंसी | **31,214** एक्स रे | **9,850** ई सी जी | **1,97,361** लैब जाँच

# आंकडे (2012 - 2022)

















नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी एवं पेटशाल चिकित्सालयों में उपलब्ध हैं

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

# सोसाइटी संचालन समिति

## कार्यकारी समिति

**डॉ राकेश त्यागी**
अध्यक्ष

**श्री श्याम बागरी**
उपाध्यक्ष

**डॉ अनुज सिंघल**
सचिव

**डॉ योगेन्द्र मलिक**
सह सचिव

**डॉ कपिल त्यागी**
कोषाध्यक्ष

## सदस्य

डॉ राजेंद्र कुमार ठकराल

श्री दीपक अग्रवाल

डॉ अजय कुमार अग्रवाल

डॉ सर्वेश कुमार टंडन

डॉ नकुल कुमार उपाध्याय

डॉ प्रशांत लवानिया

डॉ राहुल चंदोला

डॉ शरद पाण्डेय

श्री कविश जैन

## संरक्षक

**डॉ एम. सी. मिश्रा**
पूर्व डायरेक्टर, AIIMS, दिल्ली

**श्री विनोद पिपर्सेनिया**
सेवानिवृत्त आई.ए.एस.

**श्री लक्ष्मी नारायण गोयल**
अध्यक्ष, सनसिटी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड

**श्री गीताम्बर आनंद**
अध्यक्ष एवं MD, ATS ग्रुप

## सलाहकार समिति

डॉ दिनेश अरोड़ा

डॉ एस. के. वर्मा

डॉ नीलाम्बर भट्ट

डॉ संजय शाह

डॉ विनोद कुमार गुप्ता

डॉ पंकज भाटिया

श्री श्रीपाल सिंह राणा

## विशेष आमंत्रित सदस्य

डॉ ताराश्री सिंघल

डॉ प्रशांत गुप्ता

डॉ अनिल भट्ट

डॉ प्रवीण कुमार रेड्डी

डॉ संदीप बंसल

# भावी परियोजनाएं

- सोसाइटी इस वर्ष यमुनोत्री में नया चिकित्सालय स्थापित करने की ओर अग्रसर है।
- सोसाइटी का लक्ष्य वृंदावन चिकित्सालय का निर्माण पूरा कर इस वर्ष के अंत तक लोकार्पण करना है।
- सोसाइटी ने श्री केदारनाथ धाम में नए चिकित्सालय भवन निर्माण हेतु भूमि ले ली है एवं निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी तरह श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के विस्तार की प्रक्रिया भी चल रही है जिसका भी निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा।
- धर्मावाला चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण अंतिम चरणों में है और शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। नवीन भवन में अतिरिक्त सुविधाओं में कैथ लैब, डायलिसिस यूनिट, नया ओ टी काम्प्लेक्स, ICU, नेत्र विभाग, विस्तारित ओ पी डी ब्लाक, नए प्राइवेट व सेमी-प्राइवेट वार्ड तथा आवासीय परिसर शामिल हैं।

# वित्तीय विवरण

## दान

| | |
|---|---|
| व्यक्तियों द्वारा | 51773741 |
| CSR के अंतर्गत | 57721854 |
| FCRA | 301855369 |
| चिकित्सालयों द्वारा | 122633687 |
| कुल (INR) | 53,39,84,651 |

## व्यय

| | |
|---|---|
| A. आवर्ती व्यय (Recurring Cost) | |
| वेतन | 110667318 |
| दवाईयाँ | 3308311 |
| चिकित्सीय सामान | 8045754 |
| भोजन इत्यादि | 3696703 |
| अन्य | 52222114 |
| B. अनावर्ती व्यय (Non Recurring Cost) | |
| पूंजीगत व्यय | 366775587 |
| चिकित्सीय उपकरण | 20137696 |
| अन्य सामग्री | 12399727 |
| कुल (INR) | 57,72,53,210 |

**अपर्याप्तता (Deficit)** 2,96,60,572



पूज्य माता मंगला जी

### (ग्रामीण भारत सहायता ट्रस्ट)

द हंस फाउंडेशन, एक चैरिटेबल ट्रस्ट फंड है जिसे भारत में नॉन प्रॉफिट संगठनों के हर प्रकार की सहायता एवं दान का स्रोत प्रदान करने के लिए बनाया गया है और इनके फंडों की सहायता से भारत में सैकड़ों चैरिटेबल संगठनों को वित्त पोषित किया जाता है।

2009 में स्थापित, वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकलांगता और आजीविका के क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों के लिए कार्य कर रहा है और साथ ही कई गैर-लाभकारी संगठनों को धन भी प्रदान कर रहा है। पिछले दस वर्षों में हंस फाउंडेशन ने अब तक 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 से अधिक गैर सरकारी संगठनों को वित्त पोषित किया है, जिससे देश में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हुआ है।



पूज्य भोले जी महाराज

SVHM सोसाइटी के "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को द हंस फाउंडेशन के उदार समर्थन के बिना यथार्थ नहीं किया जा सकता था, जिसने आर्थिक सहायता देने के अलावा, हमारी सोसाइटी को आवश्यक उपकरण और अन्य स्रोत भी उपलब्ध कराए है।

# हमारे सहयोगी संगठन

- सेवा इंटरनेशनल INC (USA)
- SRGP कॉर्पोरेशन लिमिटेड, गुरुग्राम, हरियाणा
- Bagrry's इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
- माइक्रोटेक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली
- श्री जगन्नाथ प्रसाद गणेशी लाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट समिति, वृंदावन, मथुरा
- वाघ बकरी फाउंडेशन, गुजरात
- पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड, नई दिल्ली
- पीटीसी फाउंडेशन ट्रस्ट (पीटीसी इंडिया लिमिटेड)
- कौशल्या देवी जैन, विकासनगर, देहरादून
- सूर्या रोशनी लिमिटेड, नई दिल्ली
- मैक्स हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड, गुरुग्राम, हरियाणा
- श्री गणेशीलाल गोदावरी देवी ट्रस्ट, मथुरा
- यशोदा हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, गाज़ियाबाद
- Futuristic मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, यू.पी.
- श्री सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट, मथुरा
- JMS Mining प्राइवेट लिमिटेड, पश्चिम बंगाल
- प्रीत मशीन प्राइवेट लिमिटेड, गाज़ियाबाद
- एशियन फुटवियर्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
- Mundhra इंटरनेशनल, नई दिल्ली
- VSG पैन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई
- S.R वायर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, यू.पी
- हैल्थी हार्ट सोसाइटी, नई दिल्ली
- AVANEE फाउंडेशन, नई दिल्ली
- LINCON पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड, अहमदाबाद
- विमल फाउंडेशन, नई दिल्ली
- फेलिक्स हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा
- इंडो ऑटोटेक लिमिटेड, फरीदाबाद
- उत्कर्ष Metal, मथुरा

**SVHM सोसाइटी सभी दानदाताओं और सहयोगी संगठनों के अटूट समर्थन और सहायता के लिए अत्यधिक ऋणी है। उपरोक्त सूची उन्हें सम्मान और सराहना देने के लिए हमारा एक नेक प्रयास है, हालाँकि स्थान के अभाव के कारण सभी का नाम देना संभव नहीं था पर सोसाइटी उनके प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता और आभार प्रकट करती है।**

**"आपका विश्वास हमारे सेवा की नींव है"**

# सोसाइटी के गौरव

## 6 से 401 तक की सेवा यात्रा

धर्मावाला



उत्तरकाशी



नारायणकोटी



बड़कोट




पीपलकोटी



# सोसाइटी के गौरव

## और निरंतर अग्रसर...

हरिद्वार




श्री बद्रीनाथ धाम



श्री केदारनाथ धाम




गंगोत्री धाम




पेटशाल



डुमेट



दिल्ली



नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

For <u>Domestic Donations</u>

**<u>Account details</u>:**

**Swami Vivekanand Health Mission Society**
**A/C No: 32584491256**
**IFSC Code: SBIN0010626**

For <u>Foreign Donations</u>

**<u>Account details</u>:**

**Swami Vivekanand Health Mission Society**
**A/c No. - 00000040181017724**
**IFSC Code- SBIN0000691**
**MICR - 110002087**
**Swift Code- SBININBB104**




**Contact us :**

svhmuk@gmail.com

**Visit us :**

svhmuk.in
facebook.com/svhmu/
twitter.com/svhmuk/
instagram.com/svhmuk/
youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

सभी दान आयकर अधिनियम, 1961
की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।

## सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः


धर्मावाला, देहरादून


मनेरी, गंगोत्री मार्ग


नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग


बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग


पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग


श्री बद्रीनाथ धाम


पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग


श्री केदारनाथ धाम


हरिद्वार


गंगोत्री धाम


साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून


करोल बाग, दिल्ली

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के लिए प्रकाशक / मुद्रक डॉ अनुज सिंघल द्वारा सृजन प्रिंट्स, दर्पण सिनेमा लेन, अंबाला रोड सहारनपुर से मुद्रित कर स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, बी-207, पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी चौक, कांवली रोड, देहरादून - 248001 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।